आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 15.03.2026
समय 18.30

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने पीएनजी कनेक्शन धारकों को एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने के निर्देश दिये।
- पिथौरागढ़ से मुनस्यारी जा रहा वाहन खाई में गिरा, तीन लोगों की मृत्यु, एक गंभीर रूप से घायल।
- उत्तराखंड में लोक पर्व फूलदेई की धूम, लोकभवन में राज्यपाल ने पारंपरिक रीति–रिवाज के साथ मनाया यह पर्व।
- और, मौसम विभाग ने प्रदेश के मैदानी जिलों में बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया, राजधानी देहरादून में हल्की से मध्यम बारिश शुरु।

एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करें

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पाइप वाली प्राकृतिक गैस–पीएनजी और द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस–एलपीजी दोनों के कनेक्शन वाले परिवारों को तत्काल प्रभाव से अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने का निर्देश दिया है। एक अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा कि पीएनजी कनेक्शन रखने वाले किसी भी व्यक्ति को घरेलू एलपीजी कनेक्शन रखने या सरकारी तेल कंपनियों या उनके अधिकृत वितरकों से एलपीजी सिलेंडर रिफिल लेने की अनुमति नहीं होगी। तेल विपणन कंपनियों को भी निर्देश दिया गया है कि वे उन उपभोक्ताओं को नए एलपीजी कनेक्शन जारी न करें या रिफिल न दें जिनके पास पहले से ही पाइप वाली प्राकृतिक गैस की सुविधा है। यह अधिसूचना पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के कारण वैश्विक ईंधन आपूर्ति में व्यवधान के बीच आई है।

सड़क दुर्घटना

पिथौरागढ़ से मुनस्यारी जा रही एक कार आज बंगापानी क्षेत्र के उमरगड़ा के पास गहरी खाई में गिर गई। इस दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मृत्यु हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में चार लोग सवार थे और सभी पिथौरागढ़ के निवासी बताए जा रहे हैं।

लोक भवन में फूलदेई

उत्तराखण्ड का पारंपरिक लोकपर्व फूलदेई आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ मनाया गया। देहरादून स्थित लोक भवन की देहरी पर बच्चों ने फूल और चावल अर्पित किए तथा प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बच्चों ने "फूल देई–छम्मा देई" जैसे पारंपरिक लोकगीत गाकर पर्व के महत्व को उजागर किया। इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया और उपहार भेंट किए। राज्यपाल ने कहा कि फूलदेई केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रेम और सद्भाव का संदेश देने वाली हमारी समृद्ध लोक परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब बच्चे गर्व के साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान को अपनाते हैं, तो यह हमारी धरोहर के संरक्षण का सशक्त संदेश देता है।

## पिथौरागढ में फुलदेई

पिथौरागढ़ जिले में भी लोक पर्व फूलदेई हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह–सुबह बच्चे फूलों और चावल की थाल लेकर घर–घर पहुंचे और देहरी पर फूल बिखेरकर पारंपरिक गीत गाते हुए परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। देहरी पूजन के बाद लोग बच्चों को चावल, गुड़ और भेंट के रूप में पैसे देकर आशीर्वाद देते हैं। स्थानीय निवासी गीतिका पंत ने कहा कि यह पर्व हमें अपनी प्राचीन लोकसंस्कृति से जुडे रहने की प्रेरणा देता है।
वहीं, फूलदेई का त्योहार मना रहे बच्चों ने बताया कि उन्हें सालभर इस पर्व का बेसब्री से इंतजार रहता है, क्योंकि वे इस दिन पूरे गांव और मोहल्ले में घूमकर त्योहार की खुशियां बांटते हैं।

## वनाग्नि रोकथाम

पौड़ी जिले में वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम और प्रभावी नियंत्रण के लिए वन प्रभाग व्यापक तैयारियां कर रहा है। वन क्षेत्रों में सतत निगरानी, समयबद्ध कार्रवाई और जन–जागरुकता के माध्यम से आग की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभाग का प्रयास है कि वनाग्नि की घटनाओं को न्यूनतम करते हुए वन संपदा, जैव विविधता और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रभागीय वनाधिकारी महातिम यादव ने बताया कि गढ़वाल वन प्रभाग के अंतर्गत स्थापित 42 क्रू स्टेशनों के सापेक्ष अब तक 123 फायर वॉचरों की तैनाती की जा चुकी है। इन फायर वॉचरों की जिम्मेदारी वन क्षेत्रों में नियमित गश्त करना, आग की संभावित घटनाओं पर सतर्क निगरानी रखना और आग लगने की स्थिति में तत्काल नियंत्रण पाना है।

## प्रतियोगिता आयोजित

अल्मोड़ा के सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय परिसर में "विकसित भारत युवा संसद" कार्यक्रम के अंतर्गत "आपातकाल के पचास वर्ष भारतीय लोक तंत्र के लिए सबक" विषय पर जिला स्तरीय प्रोत्साहन प्रतियोगिता आयोजित की गई। "विकसित भारत युवा संसद" कार्यक्रम भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है जो विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप आयोजित की जा रही है। जिला युवा कार्यक्रम अधिकारी आशीष पॉल ने कहा कि विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं के बीच नेतृत्व क्षमता और सहभागिता को बढ़ावा देना और युवाओं को मंच देना है।

## अल्ट्रासोनोग्राफी जांच होगी

प्रदेश की गर्भवती महिलाओं की अल्ट्रासोनोग्राफी जांच की जायेगी, ताकि उनका मातृत्व सुरक्षित रह सके। पहले चरण में प्रदेश के छह जिलों में अल्ट्रासाउण्ड कवरेज को विशेष अभियान चलाया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि आगामी 15 अप्रैल तक संचालित होने वाले इस अभियान के तहत पात्र गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। चयनित जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को माइक्रोप्लान बनाकर अभियान को संचालित करने के निर्देश दे दिये गये हैं, साथ ही अभियान की नियमित मॉनिटिंग करने को भी कहा गया है।

## यात्रा मार्ग का निरीक्षण

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने यमुनोत्री यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पालीगाड़ से जानकीचट्टी तक सड़क चौड़ीकरण कार्य, स्यानाचट्टी में चैनलाइजेशन कार्य और यमुनोत्री पैदल मार्ग का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि यात्रा शुरू होने से पहले सड़क चौड़ीकरण कार्य तेज किए जाएं और मार्ग पर पड़े मलबे व बोल्डर हटाए जाएं, ताकि जाम

की स्थिति न बने। उन्होंने स्यानाचट्टी, फूलचट्टी और कृष्णाचट्टी में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने यमुनोत्री धाम में स्नान घाटों को सुरक्षित बनाने, रेलिंग लगाने, फिसलन रोकने और साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था करने को कहा। साथ ही यात्रा मार्ग पर पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग और आपदा प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

मौसम का मिजाज बदला

और अब एक नजर आज के मौसम पर–राजधानी देहरादून में झोंकेदार हवाएं चलने के साथ ही हल्की से मध्यम बारिश शुरू हो गई है। वहीं, राज्य के पर्वतीय जिलों में कई स्थानों पर सुबह से रुक–रुक कर हल्की बारिश हो रही है, जबकि केदारनाथ धाम में बर्फबारी हुई है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले 36 घंटों के लिए हरिद्वार, उधमसिंह नगर, देहरादून, चंपावत, टिहरी, पौड़ी और नैनीताल जिलों में ओलावृष्टि, झोंकेदार हवाएं, आकाशीय बिजली चमकने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही, राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

फास्टैग वार्षिक पास

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई ने फास्टैग वार्षिक पास के शुल्क को तीन हजार रुपये से बढ़ाकर तीन हजार 75 रुपये करने की घोषणा की है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि 75 रुपये की बढ़ी हुई फीस अगले महीने की पहली तारीख से लागू होगी। मंत्रालय ने कहा कि संशोधित दर वैध फास्टैग वाले पात्र गैर–व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगी जो राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे पर एक हजार से अधिक टोल प्लाजा पर वार्षिक पास सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं। फास्टैग वार्षिक पास एक साल की वैधता या 200 टोल प्लाजा क्रॉसिंग के लिए एकमुश्त शुल्क भुगतान के माध्यम से फास्टैग को बार–बार रिचार्ज करने की आवश्यकता को समाप्त करता है। यह पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर–व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है।